# BPSC AE

## Previous Year Paper

### Paper 2
### (General Hindi) 2018

02/AE/C/M-2019-1

Serial No. : 00433

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

प्रश्न-पुस्तिका

पत्र—I

# सामान्य हिन्दी

( वस्तुनिष्ठ )

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में पूरे 11 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने अनुक्रमांक तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रश्न संख्या **1** से **20** तथा प्रश्न संख्या **41** से **100** तक के प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। प्रश्न संख्या **21** से **40** तक के प्रत्येक प्रश्न के **तीन** उत्तर—(A), (B) और (C) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल **एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** कोष्ठक इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिहि्नत करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिहि्नत करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक कोष्ठक में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिहि्नत करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

SEAL

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 20 तक) :** यहाँ बीस वाक्य दिए गए हैं। ये तीन अलग-अलग भागों में विभाजित हैं। इन्हें सावधानी के साथ पढ़ने के बाद अशुद्ध अंश की पहचान करके *(A)*, *(B)*, *(C)* में से त्रुटि से सम्बन्धित अक्षर को उत्तर पुस्तिका में लिखिए। यदि कोई त्रुटि नहीं है तो *(D)* के माध्यम से सूचित कीजिए।

**1.** पुरुषों ने (A) / स्त्रियों को (B) / ध्यान से देखीं। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**2.** बाघ और बकरी (A) / एक घाट (B) / पानी पीती है। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**3.** मैं अपनी बात का (A) / स्पष्टीकरण करने के लिए (B) / तैयार हूँ। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**4.** मैं (A) / आपका दर्शन (B) / करने आया हूँ। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**5.** इस बात के कहने में (A) / किसी को (B) / संकोच न होगा। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**6.** थोड़ी देर बाद (A) / वे (B) / वापस लौट आए। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**7.** यही नहीं, (A) / बल्कि वे (B) / वहाँ से चले भी आए। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**8.** स्कूल के (A) / अनेक (B) / दाताएँ है। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**9.** श्रीकृष्ण के (A) / अनेकों (B) / नाम हैं। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

**10.** आप (A) / पत्र (B) / लिख दो। (C) / कोई त्रुटि नहीं। (D)

11. साहित्य और जीवन का (A) घोर (B) संबंध है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

12. मैंने (A) एक वर्ष तक (B) उनकी प्रतीक्षा देखी। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

13. उसने (A) मुक्तहस्त से (B) धन लुटाया। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

14. उसके (A) चाचा के (B) लड़की हुई है। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

15. हम तो (A) अवश्य ही (B) जाएँगे। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

16. मुझसे (A) यह काम (B) संभव नहीं हो सकता। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

17. तुम्हारा यह कहना (A) मेरे लिए (B) बड़ी बात होगी। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

18. उसने खड़ी बोली में (A) 'निवेदिता' शीर्षक (B) कविता लिखी थी। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

19. शिक्षक ने (A) छात्रों को (B) प्रश्न किया। (C) कोई त्रुटि नहीं। (D)

20. आपका पत्र (A) सधन्यवाद (B) मिला। (C) कोई त्रुटि न (D)

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 40 तक) :** इस खण्ड में बीस वाक्य दिए गए हैं। प्रत्येक वाक्य में तीन विकल्प हैं। इनमें से जो शुद्ध वाक्य हो उसके लिए निर्धारित (A), (B), (C) में से कोई एक उत्तर के रूप में लिखिए।

**21.** हमारे अध्यापक प्रश्न पूछते हैं।

(A) हमारे अध्यापक प्रश्न पूछते है।

(B) हमारे अध्यापक प्रश्न करते हैं।

(C) हमारे अध्यापक प्रश्न करते है।

**22.** कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(A) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(B) रेलवे के कई कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई।

(C) कई रेलवे के कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई।

**23.** पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या है?

(A) पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या है?

(B) पति-पत्नी में झगड़े का कारण क्या है?

(C) पति-पत्नी के झगड़े के कारण क्या हैं?

**24.** मेरा नाम श्री वीरेन्द्र कुमार जी है।

(A) मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार है।

(B) मेरा नाम श्री वीरेन्द्र कुमार है।

(C) मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार जी है।

**25.** यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।

(A) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती हैं।

(B) यह कविता अनेक भाव को प्रकट करती है।

(C) यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है।

**26.** कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।

(A) कृपया आप यह बताने का अनुग्रह करें।

(B) आप कृपया यह बताने का अनुग्रह करें।

(C) कृपया आप ही यह बताएँ।

**27.** तुम्हारे से यह पत्थर नहीं उठाया जाएगा।

(A) तुमसे यह पत्थर नहीं उठाया जाएगा।

(B) तुमसे यह पत्थर उठाया नहीं जाएगा।

(C) यह पत्थर तुमसे उठाया नहीं जाएगा।

**28.** सागर की छाती पर उसकी किरणें नाच रही हैं।

(A) सागर की छाती में उसकी किरणें नाच रही हैं।

(B) सागर की छाती पर उसकी लहरें नाच रही हैं।

(C) सागर की छाती में उसकी लहरें नाच रही हैं।

**29.** जब तुम आओगे, तो मैं जाऊँगा।

(A) जब तुम आओगे, तब मैं जाऊँगा।

(B) जब आप आओगे, तब मैं जाऊँगा।

(C) तुम जब आओगे, तो मैं जाऊँगा।

**30.** छात्रों ने कुलाधिपति को अभिनंदन-पत्र प्रदान किया।

(A) छात्रों ने कुलाधिपति को अभिनंदन-पत्र दिया।

(B) छात्रों ने कुलाधिपति को अभिनंदन-पत्र अर्पित किया।

(C) छात्रों ने कुलाधिपति को अभिनंदन-पत्र सुपुर्द किया।

**31.** लड़का पतंग लेकर भागता हुआ घर आया।

(A) लड़का पतंग लेकर दौड़ता हुआ घर आया।

(B) पतंग लेकर लड़का भागता हुआ घर आया।

(C) दौड़ता हुआ लड़का पतंग लेकर घर आया।

**32.** वहाँ बहुत-से पशु और पक्षी उड़ते और चरते हुए दिखाई दिए।

(A) वहाँ बहुत-से पक्षी और पशु चरते और उड़ते हुए दिखाई दिए।

(B) वहाँ बहुत-से पशु और पक्षी उड़ते और चरते दिखाई दिए।

(C) वहाँ बहुत-से पशु और पक्षी चरते और उड़ते हुए दिखाई दिए।

**33.** चोरों की मंडली पकड़ी गई।

(A) चोरों का गिरोह पकड़ा गया।

(B) चोरों का दल पकड़ा गया।

(C) चोरों का गुच्छा पकड़ा गया।

**34.** शायद आज यह काम जरूर हो सकता है।

(A) शायद आज यह काम हो सकता है।

(B) शायद आज यह काम जरूर होगा।

(C) आज शायद यह काम जरूर ही हो सकता है।

**35.** उस वन में प्रातःकाल के समय सुहावना दृश्य होता था।

(A) प्रातःकाल के समय उस वन में सुहावना दृश्य होता था।

(B) उस वन में प्रातःकाल का दृश्य सुहावना होता था।

(C) प्रातःकाल का दृश्य उस वन में सुहावना होता था।

**36.** एक-एक करके सभी मर गए।

(A) सभी एक-एक करके मर गए।

(B) एक-एक कर कर सभी मर गए।

(C) एक-एक कर सभी मर गए।

**37.** हे भगवान, मेरी रक्षा कीजिए।

(A) हे भगवान! मेरी रक्षा कीजिए।

(B) भगवान! मेरी रक्षा कीजिए।

(C) हे भगवान मेरी रक्षा कीजिए।

**38.** गत वर्ष हमने गणेशोत्सव मनाया है।

(A) गत वर्ष हम गणेशोत्सव मनाएँगे।

(B) गत वर्ष हमने गणेशोत्सव मनाया था।

(C) गणेशोत्सव हमने गत वर्ष मनाया था।

**39.** यह काम आप पर निर्भर करता है।

(A) यह काम आप पर निर्भर है।

(B) आप पर यह काम निर्भर करता है।

(C) आप पर यह काम निर्भर है।

**40.** वह बिलकुल भी बात करना नहीं चाहती

(A) वह बिलकुल बात करना नहीं चाह

(B) वह बात करना बिलकुल भी नहीं थी।

(C) बात करना वह बिलकुल नहीं च

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 50 तक) :** निम्नलिखित दस वाक्यों में से प्रत्येक वाक्य का एक शब्द रेखांकित है। हर रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C) तथा (D) के सामने एक-एक शब्द लिखा गया है। इनमें से, रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से जो वैकल्पिक शब्द अधिक निकट है, उसे चिह्नित कीजिए।

**41.** सारे शुभ कार्यों में गणेश की पूजा की जाती है।

(A) मोदकप्रिय

(B) गणपति

(C) एकदन्त

(D) विनायक

**42.** इंद्र देवाधिदेव माने जाते हैं।

(A) मघवा

(B) पुरंदर

(C) देवराज

(D) महेन्द्र

**43.** ढाई आखर प्रेम के पढ़े सो पण्डित होई।

(A) विचक्षण

(B) विद्वान

(C) कोविद

(D) सुधी

**44.** समुद्र रत्नों की खान है।

(A) सागर

(B) पारावार

(C) अर्णव

(D) जलधि

**45.** ''कहत धतूरे सौं कनकु, गहनौं गढ़्यौं न जाइ।''

(A) हिरण्य

(B) हेम

(C) स्वर्ण

(D) हाटक

**46.** बीती विभावरी जाग री!

(A) शर्वरी

(B) यामिनी

(C) रैन

(D) रात्रि

**47.** ''फिर घन में ओझंल हो शशि''

(A) चंद्रमा

(B) सुधांशु

(C) सुधाकर

(D) राकेश

**48.** ''श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।''

(A) पद्म

(B) सरसिज

(C) पंकज

(D) अरविन्द

**49.** ''दौलत पाय न कीजिए, सपने में अभिमान।''

(A) वित्त

(B) विभूति

(C) धन

(D) सम्पदा

**50.** ''चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल-थल में।''

(A) रुचिर

(B) रम्य

(C) ललित

(D) सुंदर

निर्देश (प्रश्न संख्या 51 से 60 तक) : नीचे लिखे वाक्य या वाक्यांश के लिए चार-चार शब्द दिए गए हैं। इनमें से एक उपयुक्त शब्द चुनकर उत्तर पुस्तिका में चिह्नित कीजिए।

51. जिसके समान द्वितीय नहीं है

(A) अद्वितीय

(B) अनुपम

(C) अजोड़

(D) बेजोड़

52. जिसके हृदय में ममता नहीं है

(A) निर्दय

(B) ममताहीन

(C) निर्मम

(D) ममतारहित

53. जो कुछ नहीं जानता है

(A) विज्ञ

(B) अज्ञ

(C) अभिज्ञ

(D) अनाड़ी

54. अनुचित बात के लिए आग्रह

(A) विग्रह

(B) हठाग्रह

(C) दुराग्रह

(D) अनुग्रह

55. जो किए गए उपकारों को मानता है

(A) कृतज्ञ

(B) कृतघ्न

(C) उपकारी

(D) परोपकारी

56. पथ का प्रदर्शन करने वाला

(A) पथ-प्रदर्शनकर्ता

(B) मार्गदर्शक

(C) पथ-दर्शक

(D) पथ-प्रदर्शक

57. जिसका निवारण नहीं किया जा सके

(A) दुर्निवार्य

(B) अनिवारित

(C) अनिवार्य

(D) अनिवारणीय

58. जिसके पाणि (हाथ) में चक्र है

(A) चक्रपाणि

(B) चक्रहस्त

(C) पाणिचक्र

(D) हस्तचक्र

59. जिसे ईश्वर या वेद में विश्वास नहीं है

(A) अधार्मिक

(B) निरीक्षर

(C) अविश्वसनीय

(D) नास्तिक

60. जो अल्प (कम) बोलने वाला है

(A) अल्पज्ञ

(B) अल्पभाषी

(C) मितभाषी

(D) मौनी

निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 70 तक) : निम्नलिखित तत्सम शब्दों के लिए चार-चार वैकल्पिक तद्भव शब्द दिए गए हैं। (A), (B), (C), (D) में से उपयुक्त शब्द को चिह्नित कीजिए।

61. कृतः
(A) कओ
(B) किया
(C) कार्य
(D) काम

62. त्वरित
(A) शीघ्र
(B) तुरत
(C) जल्दी
(D) तेज

63. वत्स
(A) बेटा
(B) संतान
(C) बालक
(D) बच्चा

64. अग्नि
(A) रोशनी
(B) प्रकाश
(C) आग
(D) अग्नि

65. क्षीर
(A) खीर
(B) नीर
(C) दूध
(D) दही

66. तिक्त
(A) तीक्ष्ण
(B) तीखा
(C) तीता
(D) चरपरा

67. मया
(A) मइं
(B) में
(C) मई
(D) मैं

68. शलाका
(A) तीली
(B) सलाई
(C) तीर
(D) बाण

69. वचन
(A) बोल
(B) बात
(C) बैन
(D) कथन

70. चुल्लिः
(A) अँगीठी
(B) चूल्हा
(C) चौका
(D) चौकी

निर्देश (प्रश्न संख्या **71** से **80** तक) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए (A), (B), (C), (D) अक्षर के सामने अर्थ लिखे हुए हैं। इनमें से उपयुक्त अर्थ को उत्तर पुस्तिका में चिह्नित कीजिए।

**71.** अपना-सा मुँह लेकर रह जाना

(A) मुँह छोटा हो जाना

(B) अपमानित होना

(C) शर्मिन्दा होना

(D) अचंभित हो जाना

**72.** ईद का चाँद होना

(A) ईद के दिन दीखना

(B) बहुत दिनों पर दीखना

(C) कभी-कभी दीखना

(D) कभी न दीखना

**73.** खून-पसीना एक करना

(A) हिंसा करना

(B) रक्त बहाना

(C) खून और पसीना बहाना

(D) कठिन परिश्रम करना

**74.** दो टूक बात कहना

(A) घुमा-फिराकर कहना

(B) स्पष्ट कह देना

(C) स्पष्ट न कहना

(D) डंके की चोट पर कहना

**75.** लकीर का फकीर होना

(A) पुरानी प्रथा पर ही चलना

(B) पिष्टपेषण करना

(C) अंधानुकरण करना

(D) बिना सोचे मान लेना

**76.** आँखों में धूल झोंकना

(A) भ्रम में डालना

(B) दगा करना

(C) अंधा कर देना

(D) धोखा देना

**77.** लेने के देने पड़ना

(A) लाभ के लालच में पड़ना

(B) लाभ के बदले हानि होना

(C) लेन-देन करना

(D) सोच-समझकर काम न करना

**78.** मुट्ठी गरम करना

(A) धन देना

(B) प्रलोभन देना

(C) घूस देना

(D) अनैतिक काम करना

**79.** सिर पर भूत सवार होना

(A) संकल्पबद्ध होना

(B) कार्य में लगे रहना

(C) लक्ष्य सिद्ध करना

(D) एक ही रट लगाना

**80.** कलेजे पर साँप लोटना

(A) दूसरे की बढ़ती न देख सकना

(B) डाह करना

(C) कलेजे में विष-संचार होना

(D) दूसरे को न सह पाना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 81 से 90 तक) :** निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्द के लिए (A), (B), (C), (D) अक्षर के सामने अलग-अलग शब्द लिखे हुए हैं। इन शब्दों में से उपयुक्त विलोम शब्द को चुनकर उत्तर पुस्तिका में चिह्नित कीजिए।

**81.** अनावृष्टि के कारण फसलें नष्ट हुईं।
(A) अधिक वृष्टि
(B) अतिशय वृष्टि
(C) अतिवृष्टि
(D) अतिवर्षण

**82.** दूसरे के उत्कर्ष से प्रसन्न होना चाहिए।
(A) अपकर्ष
(B) विकर्ष
(C) समुत्कर्ष
(D) अवनति

**83.** संस्कृत का प्राचीन साहित्य अत्यंत समृद्ध है।
(A) अद्यतन
(B) नवीन
(C) अर्वाचीन
(D) आधुनिक

**84.** राष्ट्र के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान होना चाहिए।
(A) विशेषताहीन
(B) सामान्य
(C) साधारण
(D) विशेषतारहित

**85.** तामसिक वृत्तियाँ पाप की ओर ले जाती हैं।
(A) सच्चगुणयुक्त
(B) तमोगुणहीन
(C) प्राकृतिक
(D) सात्विक

**86.** पाठक सार्थक रचना की खोज करता है।
(A) महत्त्वहीन
(B) निरर्थक
(C) अर्थरहित
(D) अर्थहीन

**87.** समाज में साक्षर व्यक्ति पूजनीय हैं।
(A) अपढ़
(B) अशिक्षित
(C) निरक्षर
(D) अनपढ़

**88.** बारात ने शकुन देखकर प्रस्थान किया।
(A) अशकुन
(B) अपशकुन
(C) असगुन
(D) अशुभ

**89.** अधम व्यक्ति अविश्वसनीय होता है।
(A) उच्च
(B) बेहतरीन
(C) उत्तम
(D) श्रेष्ठ

**90.** राष्ट्र के उत्थान में छात्रगण का भी योगदान है।
(A) अधःपतन
(B) अवनति
(C) अधोगति
(D) पतन

**निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 100 तक) :** अशुद्ध शब्दों के लिए (A), (B), (C), (D) अक्षर के सामने अलग-अलग शब्द दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चिह्नित कीजिए।

**91.** आसीर्वाद

(A) आशिर्वाद

(B) आर्शीवाद

(C) आशीर्वाद

(D) आसिर्वाद

**92.** प्रतीनिधी

(A) प्रतिनीधी

(B) प्रतीनीधी

(C) प्रतीनिधि

(D) प्रतिनिधि

**93.** एतिहासिक

(A) इतिहासिक

(B) ऐतिहासिक

(C) ऐतीहासीक

(D) एतिहासीक

**94.** उतरवर्ती

(A) उत्तरवर्ती

(B) उत्तरवर्ति

(C) ऊत्तरवर्ती

(D) इतरवर्ती

**95.** सन्यासी

(A) संन्यासि

(B) सन्यासि

(C) संन्यासी

(D) संन्नयासी

**96.** चर्तुभूज

(A) चतूर्भुज

(B) चर्तुभुज

(C) चतूर्भूज

(D) चतुर्भुज

**97.** निर्भिक

(A) निर्भीक

(B) र्निभीक

(C) नीर्भीक

(D) नीर्भिक

**98.** परलोकिक

(A) परलौकीक

(B) पारलौकिक

(C) परलौकिक

(D) पारलौकीक

**99.** गोधुली

(A) गौधूलि

(B) गोधूलि

(C) गोधूली

(D) गौधुलि

**100.** अतिषयोक्ती

(A) अतिसयोक्ति

(B) अतीषयोक्ति

(C) अतिशयोक्ति

(D) अतीशयोक्ति

★★★



निर्तियां